**मांग** | शासकीय बोर पर अवैध कब्जा को लेकर भड़के वार्डवासी, तहसीलदार को सौंपा शिकायती पत्र

# श्मशान घाट की भूमि पर भू-माफिया की नजर





**मझौली, नवभारत संवाददाता, जबलपुर।** नगर परिषद मझौली के वार्ड क्रमांक 1 में मूलभूत सुविधाओं के अभाव और शासकीय संपत्ति पर अवैध कब्जे को लेकर नागरिकों का आक्रोश फूट पड़ा है।

वार्ड के सजग नागरिकों ने एकजुट होकर तहसीलदार को एक शिकायती पत्र सौंपते हुए श्मशान भूमि को सुरक्षित करने और सरकारी बोरवेल को कब्जा मुक्त कराने की पुरजोर मांग की है।

### दशकों पुराने श्मशान घाट पर अतिक्रमण का खतरा

तहसीलदार को सौंपे गए ज्ञापन में वार्डवासियों ने बताया कि वार्ड क्रमांक 1 में स्थित शासकीय भूमि का उपयोग उनके पूर्वजों के समय से (कई दशकों से) पारंपरिक श्मशान घाट के रूप में किया जा रहा है। लेकिन वर्तमान में यहाँ बाउंड्री वॉल (सीमा सुरक्षा) न होने के कारण दिनभर आवारा पशुओं का जमावड़ा लगा रहता है। बाउंड्री वॉल न होने से इस बहुमूल्य सरकारी जमीन पर भू-माफियाओं द्वारा अतिक्रमण किए जाने की प्रबल आशंका बनी हुई है।

### अंतिम संस्कार में पानी को तरस रहे लोग

मामले में सबसे चौंकाने वाला खुलासा शासकीय संपत्ति के दुरुपयोग को लेकर हुआ है। वार्डवासियों के मुताबिक श्मशान परिसर में शासन द्वारा आम जनता की सुविधा के लिए एक शासकीय बोर (नलकूप) कराया गया था। इस सरकारी बोर पर कुछ रसूखदार और अज्ञात तत्वों ने अवैध रूप से कब्जा कर लिया है और इसका उपयोग अपने निजी स्वार्थ के लिए कर रहे हैं। दूसरी तरफ, शवयात्रा में आने वाले नागरिकों और वार्डवासियों के लिए श्मशान घाट पर पीने के पानी की एक बूंद व्यवस्था नहीं है।

### श्मशान में शेड नहीं होने से बारिश-धूप में ज्यादा परेशानी

नागरिकों ने प्रशासन को अपनी पीड़ा बताते हुए कहा कि श्मशान घाट पर श्मशान शेड का निर्माण नहीं कराया गया है। इसके चलते बारिश और चिलचिलाती धूप के मौसम में अंतिम संस्कार के समय अंतिम यात्रा में शामिल होने वाले नागरिकों को भारी अव्यवस्था और कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।

### मौके का निरीक्षण करने पहुंचे तहसीलदार दिलीप हनुमंत

निरीक्षण के दौरान वार्डवासियों ने तहसीलदार से मांग की कि श्मशान भूमि का जल्द से जल्द आधिकारिक सीमांकन कराया जाए, बाउंड्री वॉल व शेड का निर्माण स्वीकृत हो, और सरकारी बोर से अवैध कब्जा हटाकर आम जनता के लिए तत्काल हैंडपंप स्थापित किया जाए। मौके पर पंचनामा बनने के बाद अब नागरिकों को उम्मीद है कि इस गंभीर समस्या का जल्द ही स्थाई समाधान होगा और सरकारी संपत्ति को कब्जामुक्त कराया जाएगा।

### तत्काल हटे कब्जा, लगे हैंडपंप

वार्ड के नागरिकों ने तहसीलदार से मांग की है कि इस गंभीर जनहित के मामले को संज्ञान में लेते हुए तत्काल निम्नलिखित कदम उठाए जाएं एवं शासकीय श्मशान भूमि का सीमांकन कर बाउंड्री वॉल और शेड निर्माण की स्वीकृति दी जाए। राजस्व विभाग और नगर परिषद के सहयोग से वहाँ हैंडपंप लगवाया जाए, ताकि पानी का निजी कमर्शियल उपयोग रुके और आम जनता को पेयजल मिल सके। अब देखना यह है कि मझौली प्रशासन इस गंभीर और संवेदनशील मामले में कितनी तत्परता से कार्रवाई करता है।



# श्रुत पंचमी पर निकाली शोभायात्रा

▶ आरती उतार की गई पूजा-अर्चना

**पनागर, नवभारत।** नगर में आज श्रुत पंचमी के पावन अवसर पर विविध धार्मिक आयोजन समस्त मंदिरों में किए गए। विद्यासागर वार्ड स्थित श्री 1008 नेमिनाथ जिनालय बाजार मंदिर से एक श्री जिनवाणी मां की साथ एक विशाल जुलूस नगर में निकाला गया। इस दौरान आरती उतार कर जिनवाणी मां की पूजा अर्चना की पश्चात जुलूस का समापन बाजार जैन मंदिर की में हुआ इस मौके पर धर्म सभा में वक्ताओं ने मां जिनवाणी पर अपने-अपने उद्गार व्यक्त किये। इस अवसर पर श्री जैन प्रबंधकारी सभा के अध्यक्ष राजेश जैन कटंगा ने कहा कि मां के साथ जिनवाणी मां को भी संभाल कर रखना चाहिए क्योंकि एक जीवन देती है तो दूसरी जीवन जीने की कला सिखाती है हमें अपने जिन मंदिर में या घर में इस सम्मान देते हुए उसको विराजमान करना चाहिए। मंदिर की में जिनवाणी पढ़ते समय उसमें किसी प्रकार के चावल या अन्य सामग्री ना जाए जिससे उसे नुकसान हो हमें हर क्षण इस बात का ध्यान रखना चाहिए।

आज जुलूस में पूर्व अध्यक्ष डॉ चक्रेश सिंघई, अनिल गोटिया, विजय जैन मोदी राजकुमार चौधरी, रज्जू भैया, मनोज, राजीव चौधरी, ब्रह्मचारी पवन कटंगा, विद्याधर खजांची, निर्मल जैन, सोनपुर श्री शांतिनाथ महिला परिषद की अध्यक्ष रजनी मोदी, सचिव स्वाति जैन, कोषाध्यक्ष रानी जैन, पूर्व अध्यक्ष समीक्षा चौधरी, शालिनी लसगरी, राजकुमारी चौधरी के साथ साथ बड़ी संख्या में पुरुष महिला एवं युवा सैकड़ो की संख्या में मौजूद रहे।

# हीरो मोटोकॉर्प की आई नई बाइक सुपर एक्सटेक



**कटंगी, नवभारत।** स्थानीय नगर की प्रतिष्ठित ऑटोमोबाइल एजेंसी सन्मति हीरो में हीरो मोटोकॉर्प की नई 'सुपर एक्सटेक 2.0' बाइक का भव्य लॉन्चिंग समारोह आयोजित किया गया। इस विशेष अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में नगर परिषद अध्यक्ष अमिताभ साहू एवं तहसीलदार जयसिंह धुर्वे उपस्थित रहे।

समारोह की शुरुआत में सन्मति हीरो एजेंसी के संचालक विनय जैन द्वारा नगर परिषद अध्यक्ष अमिताभ साहू, तहसीलदार जयसिंह धुर्वे, विशिष्ट अतिथि देवेश चौरसिया एवं महेंद्र नेमा का पुष्पगुच्छ भेंट कर आत्मीय स्वागत किया गया। कार्यक्रम में नगर के अनेक गणमान्य नागरिक और एजेंसी के प्रिय ग्राहक बड़ी संख्या में मौजूद रहे। नई बाइक लॉन्च और वाहनों की डिलीवरीअतिथियों द्वारा फीता काटकर हीरो मोटोकॉर्प की अत्याधुनिक फीचर्स से लैस 'सुपर एक्सटेक 2.0' को बाजार में उतारा गया। इसके साथ ही कार्यक्रम के दौरान ग्राहकों को नई 'डेस्टिनी 110' स्कूटर की डिलीवरी भी सौंपी गई। वाहन की चाबी पाकर ग्राहकों के चेहरे खिल उठे। इस मौके पर एजेंसी के संचालक विनय जैन ने कार्यक्रम में पधारे सभी अतिथियों, गणमान्य नागरिकों और ग्राहकों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि ग्राहकों को बेहतर सेवाएं और हीरो के भरोसेमंद वाहन उपलब्ध कराना ही उनकी प्राथमिकता है। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित लोगों को शुभकामनाएं दी गईं।

## जनजाति कल्याण केंद्र की साधारण सभा आयोजित

**शहपुरा नवभारत 19 जून।** जनजाति कल्याण केंद्र महाकौशल बरगांव की साधारण सभा बैठक दिनांक 14 जून को केंद्र के केशव सभागार में संपन्न हुई। बैठक में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय सह सेवा प्रमुख एवं केंद्र के मार्गदर्शक राजकुमार मटाले मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। बैठक में केंद्र की विभिन्न उपसमितियों ने विगत वर्ष के कार्यों का प्रस्तुतिकरण करते हुए आगामी वर्ष की कार्ययोजना पर चर्चा की। इस दौरान शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वावलंबन, पर्यावरण संरक्षण एवं ग्राम विकास से जुड़े सेवा कार्यों के विस्तार पर विशेष जोर दिया गया। अपने संबोधन में राजकुमार मटाले ने कहा कि जनजाति कल्याण केंद्र द्वारा संचालित सेवा कार्यों का विस्तार 100 ग्रामों तक किया जाए।

# विकसित भारत रोजगार योजना से युवाओं को मिली सौगात



**नवभारत, जबलपुर।** प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना (पीएम-वीबीआरवाई) के तहत शुक्रवार को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित राष्ट्रीय कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लाभार्थियों को लगभग 2,400 करोड़ रुपये की प्रोत्साहन राशि जारी की।

योजना के अंतर्गत मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ क्षेत्र के 34,610 लाभार्थियों को 17.08 करोड़ रुपये की सहायता प्रदान की गई, वहीं अतिरिक्त रोजगार सृजित करने वाले 2,476 संस्थानों को 44.11 करोड़ रुपये सीधे बैंक खातों में हस्तांतरित किए गए। राष्ट्रीय कार्यक्रम में केंद्रीय श्रम और रोजगार मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया और राज्य मंत्री शोभा करंदलजे उपस्थित रहे।

### संस्कृति थिएटर में हुआ सीधा प्रसारण

इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण जबलपुर के संस्कृति थिएटर, भंवरताल में किया गया, जहां मध्य प्रदेश के पंचायत और ग्रामीण विकास तथा श्रम मंत्री प्रहलाद पटेल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि श्रम संहिताओं के प्रभावी क्रियान्वयन से कार्यस्थलों पर जवाबदेही और पारदर्शिता बढ़ी है। विशिष्ट अतिथि महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने कहा कि विभिन्न श्रम योजनाओं का लाभ अब बिना किसी बिचौलिए के सीधे पात्र हितग्राहियों तक पहुंच रहा है।

### कई संस्थानों के नियोक्ता रहे मौजूद

संस्कृति थिएटर में आयोजित कार्यक्रम में केंद्र और राज्य सरकार के अधिकारी, 73 संस्थानों के नियोक्ता-प्रतिनिधि तथा 300 से अधिक नव-नियुक्त कर्मचारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर सर्वाधिक रोजगार सृजन करने वाले नियोक्ताओं का सम्मान किया गया और पांच नव-नियुक्त कर्मचारियों को औपचारिक नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए। लाभार्थी नियोक्ताओं और युवा कर्मचारियों ने इस योजना को रोजगार के साथ आर्थिक सहयोग प्रदान करने वाली महत्वपूर्ण पहल बताया।

## वरिष्ठ शिक्षाविदों का दीर्घ सेवायात्रा सम्मान समारोह आयोजित




**नवभारत, जबलपुर।** प्रांतीय शासकीय महाविद्यालयीन प्राध्यापक संघ द्वारा उच्च शिक्षा क्षेत्र में दीर्घकाल तक उत्कृष्ट सेवाएं देने वाले वरिष्ठ शिक्षाविदों और प्रशासकीय अधिकारियों हेतु प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय महाकोशल स्वशासी महाविद्यालय में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इसमें उच्च शिक्षा अतिरिक्त संचालक डॉ. पंजाब राव चंदेलकर, डॉ. ज्योति जुनगरे, डॉ. आर.के. श्रीवास्तव, डॉ. राजेश तिवारी, डॉ. सुनीता शर्मा तथा डॉ. डी. के. मिश्रा (प्राचार्य, शासकीय महाविद्यालय बरेला) का शाल, श्रीफल और स्मृति-चिह्न से सम्मान हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य प्रो. अल्केश चतुर्वेदी ने की तथा संयोजक संभागीय अध्यक्ष प्रो. अरुण शुक्ल रहे। जिला अध्यक्ष डॉ. शैलेन्द्र श्रीवास्तव द्वारा संचालित सत्र में वक्ताओं ने प्राध्यापकों को राष्ट्र की बौद्धिक धरोहर बताते हुए शिक्षक को भविष्य का निर्माता कहा। कार्यक्रम में डॉ. शिखा सक्सेना (प्राचार्य, शासकीय विज्ञान महाविद्यालय), डॉ. समीर शुक्ला (प्राचार्य, होम साइंस महाविद्यालय), प्रो. अरुण शुक्ला तथा डॉ. शैलेश श्रीवास्तव शामिल हुए। इनके साथ ही डॉ. मधुमती नामदेव (प्राचार्य, शासकीय महाविद्यालय कुण्डम), डॉ. पद्मा माहेश्वरी (प्राचार्य, शासकीय महाविद्यालय बरगी), डॉ. मनीष कोल (प्राचार्य, शासकीय महाविद्यालय गढ़ा), डॉ. मनोज श्रीवास्तव, श्यामसुन्दर अग्रवाल महाविद्यालय सिहोरा से जुड़े शिक्षाविद और महाविद्यालय से डॉ. शैलप्रभा कोष्टा, डॉ. तृप्ति उकास, डॉ. रविश ताजिर तमन्ना, डॉ. प्रियंका साहू, डॉ. कातुलकर, डॉ. चंदेल तथा डॉ. कविता शाक्य ने उपस्थिति दर्ज कराई।

# राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का आज होगा जबलपुर आगमन, डिप्टी सीएम करेंगे स्वागत

**जबलपुर।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का दो दिवसीय प्रवास पर शनिवार 20 जून शाम जबलपुर आगमन होगा। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का शनिवार 20 जून की शाम 6.10 बजे भारतीय वायुसेना के विशेष विमान द्वारा कलाईकुंडा एयरपोर्ट से जबलपुर आगमन होगा। राष्ट्रपति जबलपुर एयरपोर्ट से शाम 6.20 बजे प्रस्थान कर शाम 6.45 बजे सर्किट हाउस क्रमांक-एक पहुंचेंगी। रात्रि विश्राम करने के बाद रविवार 21 जून की सुबह 7.05 बजे सदर स्थित गैरिसन ग्राउंड प्रस्थान करेंगी। राष्ट्रपति मुर्मू सुबह 7.20 बजे गैरिसन ग्राउंड पहुंचेंगी तथा यहां सुबह 7.30 बजे से आयोजित अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के राज्य स्तरीय कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगी। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के राज्य स्तरीय कार्यक्रम के बाद राष्ट्रपति सुबह 8.35 बजे गैरिसन ग्राउंड से सर्किट हाउस क्रमांक-एक रवाना होंगी। श्रीमती मुर्मू सुबह 11.30 बजे सर्किट हाउस से प्रस्थान कर सुबह 11.40 बजे रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय पहुंचेंगी तथा यहां सुबह 11.50 बजे से दोपहर 12.50 बजे तक विश्वविद्यालय के 36वें दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगी। राष्ट्रपति दोपहर 12.50 बजे रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय से जबलपुर एयरपोर्ट के लिए प्रस्थान करेंगी। श्रीमती मुर्मू दोपहर 1.10 बजे एयरपोर्ट पहुंचेंगी तथा दोपहर 1.20 बजे भारतीय वायुसेना के विशेष विमान द्वारा ग्वालियर प्रस्थान करेंगी।

प्रदेश के उप मुख्यमंत्री एवं जबलपुर जिले के प्रभारी मंत्री जगदीश देवड़ा शनिवार दोपहर 3 बजे भोपाल से कार द्वारा जबलपुर आगमन होगा। श्री देवड़ा शाम 6 बजे डुमना एयरपोर्ट पर महामहिम राष्ट्रपति का जबलपुर आगमन पर स्वागत करेंगे। ज्ञात हो कि उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा को राज्य शासन द्वारा जबलपुर आगमन पर राष्ट्रपति का स्वागत और विदाई के लिए मिनिस्टर-इन-वेटिंग नामित किया गया है।

**राज्यपाल, सीएम समेत कई मंत्री भी आएंगे-** राज्यपाल मंगूभाई पटेल समेत सीएम मोहन यादव समेत कई मंत्रियों का भी शहर आगमन होगा। उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री इन्दर सिंह परमार का 20 जून शनिवार को रेल मार्ग द्वारा सुबह 5:30 बजे जबलपुर आगमन होगा। वे स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होने के बाद शाम 5 बजे महामहिम राष्ट्रपति के कार्यक्रम में सहभागिता करेंगे। गैरीसन ग्राउंड, सदर में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस, रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। इसके साथ ही अनेक मंत्रियों का भी शहर आगमन हो रहा है।

### राष्ट्रपति दौरा : संभागायुक्त-कलेक्टर ने लिया जायजा



जबलपुर। राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू के जबलपुर प्रवास के दौरान आयोजित कार्यक्रमों की तैयारियों का शुक्रवार को संभागायुक्त धनंजय सिंह एवं कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने निरीक्षण किया। संभागायुक्त एवं कलेक्टर ने सदर स्थित गैरिसन ग्राउंड में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के राज्य स्तरीय कार्यक्रम की तैयारियों के निरीक्षण के दौरान सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय में आयोजित किये जा रहे 36वें दीक्षांत समारोह की तैयारियों का भी जायजा लिया। इस दौरान कुलपति प्रो. डॉ राजेश कुमार वर्मा, नगर निगम आयुक्त रामप्रकाश अहिरवार, जिला पंचायत सीईओ अभिषेक गहलोत सहित भी मौजूद थे।

**शराबखोरी** | केंद्रीय विद्यालय के सामने खुले मैदान में देर रात तक छलकते हैं जाम

# सांझ ढलते ही मयखाने में तब्दील हो जाता है पहुंच मार्ग





**डिंडोरी, नवभारत 19 जून।** जिला मुख्यालय में अवैध शराब के कारोबार पर प्रतिबंध होने के दावे किए जाते हैं, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही कहानी बयां कर रही है।

शहर के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान केंद्रीय विद्यालय डिंडोरी के पहुंच मार्ग और स्कूल भवन के सामने स्थित खुले मैदान में शाम ढलते ही शराबियों का जमावड़ा लगना शुरू हो जाता है। स्थानीय लोगों के अनुसार देर रात तक यहां खुलेआम शराबखोरी का दौर चलता है, जिससे क्षेत्र का माहौल लगातार खराब हो रहा है।

### असामाजिक तत्वों का रहता है जमावड़ा

बताया जाता है कि विद्यालय परिसर के सामने स्थित मैदान और आसपास के सुनसान हिस्सों में प्रतिदिन शाम के समय युवक एवं असामाजिक तत्व एकत्रित होकर शराब का सेवन करते हैं। रात होते-होते यहां शराब की बोतलें, डिस्पोजल गिलास और अन्य कचरा बिखरा हुआ देखा जा सकता है। सुबह टहलने आने वाले नागरिकों और विद्यालय आने-जाने वाले विद्यार्थियों के अभिभावकों को यह दृश्य असहज करता है।

### नियमित गश्त बढ़ाने की मांग

नागरिकों ने जिला प्रशासन और पुलिस विभाग से मांग की है कि केंद्रीय विद्यालय पहुंच मार्ग तथा स्कूल भवन के सामने स्थित मैदान में नियमित गश्त बढ़ाई जाए, सार्वजनिक स्थलों पर शराब सेवन करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए तथा क्षेत्र में पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था और निगरानी के इंतजाम किए जाएं, ताकि शिक्षण संस्थान के आसपास का वातावरण सुरक्षित एवं गरिमापूर्ण बनाया जा सके।

### सामाजिक वातावरण हो रहा दूषित

क्षेत्रवासियों का कहना है कि विद्यालय जैसे संवेदनशील स्थान के सामने शराबखोरी न केवल सामाजिक वातावरण को दूषित कर रही है, बल्कि विद्यार्थियों पर भी इसका नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। शाम के समय मार्ग से गुजरने वाली छात्राओं, महिलाओं और आम नागरिकों को भी असुरक्षा की भावना का सामना करना पड़ता है।

## एकल अभियान की आकस्मिक बैठक आयोजित

**चिल्हारी नवभारत।** संभाग महाकौशल, भाग रेवांचल, अंचल उमरिया, संच चिल्हारी में एकल अभियान की आकस्मिक बैठक आयोजित की गई। बैठक में संगठन की गतिविधियों, आगामी कार्यक्रमों तथा ग्राम स्तर पर अभियान को और अधिक प्रभावी बनाने हेतु विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में संच समिति अध्यक्ष अमृत लाल जायसवाल, युवा समाजसेवी राजर्षि मिश्रा, संच प्रमुख कल्पना सेन तथा चिल्हारी संच के समस्त आचार्य आदि उपस्थित रहे। बैठक के दौरान सभी कार्यकर्ताओं ने शिक्षा, संस्कार, ग्राम विकास एवं सामाजिक जागरण के कार्यों को और अधिक गति देने का संकल्प लिया। उपस्थित अतिथियों ने एकल अभियान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए ग्रामीण एवं वनवासी क्षेत्रों में इसके योगदान की सराहना की तथा सभी को समर्पण भाव से कार्य करने हेतु प्रेरित किया।




# अवैध रेत व गिट्टी परिवहन करते 3 वाहन जब्त

▶ जिले के विभिन्न क्षेत्रों में खनिज विभाग की कार्यवाही

**शहपुरा, डिंडौरी, नवभारत 19 जून।** शुक्रवार को खनिज विभाग की टीम ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों में निरीक्षण अभियान चलाकर अवैध खनिज परिवहन में संलिप्त तीन वाहनों पर कार्यवाही की।

खनिज विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार, मेहंदवानी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मेहंदवानी, तहसील शहपुरा एवं थाना मेहंदवानी क्षेत्र में दो ट्रैक्टर-ट्रॉली क्रमांक एमपी 51 एए 8639 एवं एमपी 52 एए 7738 को अवैध रूप से रेत का परिवहन करते हुए पकड़ा गया। कार्यवाही के तहत दोनों वाहनों को सुरक्षा की दृष्टि से थाना मेहंदवानी में खड़ा कराया गया है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जिले में अवैध खनिज उत्खनन एवं परिवहन के विरुद्ध इस प्रकार की कार्यवाही आगे भी लगातार जारी रहेगी।

### ग्राम हिनौता में भी की गई कार्यवाही

इसी प्रकार ग्राम हिनौता, तहसील एवं जिला डिंडौरी क्षेत्र में एक ट्रैक्टर-ट्रॉली क्रमांक एमपी 51 एए 1659 को बिना वैध अनुमति खनिज गिट्टी का परिवहन करते पाया गया। संबंधित वाहन को भी आवश्यक कार्यवाही हेतु कोतवाली थाना डिंडौरी में सुरक्षित खड़ा कराया गया है। खनिज विभाग ने बताया कि जब्त किए गए वाहनों के विरुद्ध खनिज नियमों के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर नियमानुसार आगामी कार्यवाही की जाएगी तथा प्रकरण न्यायालय कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।